## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र – 2023–24

## कक्षा : बारहवीं

## विषय : हिन्दी (आधार)

अनुक्रमांक –

विषय कोड : 502 प्रश्न–पत्र कोड : D

निर्धारित समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

**सामान्य निर्देश –**

1 इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं– **खण्ड (अ)** और **खण्ड (ब)**। **खंड (अ)** में बहुविकल्पीय और **खंड (ब)** में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

2 **खण्ड अ** में कुल 8 प्रश्नों के 40 बहुविकल्पीय पूछे गए हैं।

3 **खंड ब** में कुल 8 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्न के उत्तर देना अनिवार्य है।

4 प्रश्नपत्र के दोंनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 16 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

5 प्रश्नों का उत्तर लिखते समयक्रम संख्या अवश्य लिखें।

6 सभी प्रश्नों क उत्तर क्रमानुसार लिखें।

| खण्ड– (अ) बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न | | |
|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | अपठित बोध | अंक |
| प्रश्न न॰ 1 | **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | 5 x 1 = 5 |
| | एक युवा अपनी जोश और ताकत से पूरी तरह ओत-प्रोत होता है। युवा पीढ़ी किसी भी समाज और देश की रीढ़ की हड्डी होती है। किसी भी देश के युवा ही उस देश का भविष्य तय करते हैं। इसकी बानगी हम स्वाधीनता संग्राम में देख चुके हैं।<br><br>युवा की सबसे बढ़ी खासियत है कि वह फौलादी जिगर दृढ़ इच्छा शक्ति जोखिम लेने की क्षमता, और कुछ नया करने की ललक रखते हैं। जब | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | युवाओं की बात हो तो भला स्वामी विवेकानंद को कौन भूल सकता है, जो आज भी दुनिया के लाखों युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि युवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। युवाओं को अवसर दिए बिना कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता है। आज भारत को हम सबसे युवा देश कह सकते हैं, वह इसलिए नहीं कि देश अभी-अभी आजाद हुआ है बल्कि इसलिए क्योंकि इस समय भारत में युवा वर्ग की जनसंख्या पूर विश्व के देशों से अधिक है।<br><br>युवा की विशेषता यही है कि उसके काम में तेजी, फुरती, और एक नया जोश है, उसमें ऊर्जा की भरमार है। पर हाँ, यह नहीं कि युवाओं से बड़े, जिन्हें हम बुज़ुर्ग कह सकते हैं, उनकी ज़रूरत नहीं है, ऐसा कहना उचित नहीं है। बुज़ुर्ग भी देश के विकास के लिए उतने ही ज़रूरी है जितने युवा। इन दोनों के ताल-मेल से बड़े से बड़े कार्य को जल्द से जल्द और एक बेहतर तरीके से कर सकते हैं। बड़े-बुज़ुर्ग अपने अनुभव और युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग कर देश को नई उपलब्धि दिला सकते हैं। पर देश का दुर्भाग्य ही समझो कि युवा और बुज़ुर्गों के ताल-मेल में कमी आ रही है। हमारी संस्कृति जिसमें इन युवाओं को अपने बुजुर्गों से सीखना चाहिए वे उनसे दूर होते जा रहे हैं। आज का आधुनिकीकरण दोनों वर्गों में जैसे दीवार बन गया हो।<br><br>अब वक्त आ गया है कि युवा सक्रिय राजनीति में प्रवेश करें क्योंकि हमारी राजनीति बूढ़ी हो गई है और यह हमारे देश की अपेक्षा को पूरा नहीं कर सकती। भ्रष्टाचार को लगाम लगाने के लिए युवाओं को अब तैयार होना होगा। युवाओं को एक ज़िम्मेदार नागरिक बनना होगा। पढ़े-लिखे, ज़्यादातर युवा राजनीति से दूरी बनाए रखते हैं, लेकिन कमल तोड़ना है तो कीचड़ में उतरना ही होगा। ठीक उसी प्रकार राजनीति में आए बिना राजनीति को शुद्ध करना संभव नहीं है। अतः मैं चाहता हूँ कि युवा राजनीति में प्रवेश करें। तभी देश के संसाधनों का सही इस्तेमाल होगा और तब जाकर कहीं शोषित-वंचित वर्ग को उनका हक मिल सकता है। | |
| (i) | **युवा पीढ़ी को किसी भी देश की ' रीढ़ की हड्डी ' क्यों कहा गया है**?<br><br>(क) उसे दृढ़ता प्रदान करने की शक्ति के कारण<br>(ख) उसका भविष्य निर्माता होने के कारण<br>(ग) उसकी स्वतंत्रता की रक्षा करने के कारण<br>(घ) जोश और ताकत से ओत-प्रोत होने के कारण | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | **देश के विकास के लिए युवाओं और बुज़ुर्गों के बीच तालमेल क्यों ज़रूरी है?**<br>**(क)** युवाओं को जोश और बुज़ुर्गों का संयम देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।<br>(ख) युवाओं की ऊर्जा और बुज़ुर्गों का अनुभव देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।<br>(ग) युवाओं की गति और बुज़ुर्गों का प्रबंधन देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है।<br>(घ) युवाओं की फुरती और बुज़ुर्गों का धैर्य देश को नई उपलब्धि दिलवा सकता है। | 1 |
| (iii) | **युवाओं और बुज़ुर्गों के बीच बढ़ती खाई का कारण है—**<br>(क) तकनीकी विकास<br>(ख) व्यस्त जीवन-शैली<br>(ग) पाश्चात्य संस्कृति<br>(घ) आधुनिकीकरण | 1 |
| (iv) | **एक स्वस्थ समाज की संरचना के लिए आवश्यक है—**<br>**(क)** अन्याय के खिलाफ़ आवाज़ उठाना<br>(ख) ईमानदारी से अपनी ज़िम्मेदारी पूरी करना<br>(ग) युवाओं और बुज़ुर्गों की सहभागिता<br>(घ) आधुनिक तकनीक का प्रयोग | 1 |
| (v) | **'कमल तोड़ना है तो कीचड़ में उतरना ही होगा' का आशय है —**<br>**(क)** गंदगी को दूर करना है तो गंदगी में जाना ही पड़ेगा।<br>**(ख)** कमल को पाना है तो कीचड़ में पाँव रखना ही होगा।<br>(ग) कुछ अच्छा पाने के लिए गंदगी में पैर रखना ही पड़ता है।<br>(घ) देश में बदलाव लाने के लिए राजनीति का हिस्सा बनना पड़ता है। | 1 |
| **प्रश्न न॰ 2** | **निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 X1 = 5** |
| | ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।<br>देखा माता का ऐसा रक्तिम श्रृंगार नहीं।<br>कण्ठ–कण्ठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के। | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | कण्ठ–कण्ठ में गान उमड़ते माँ के अर्चन के।<br>शीश–शीश में भाव उमड़ते माँ के अर्पण के।<br>प्राण–प्राण में भाव उमड़ते माँ के शोणित तर्पण के।<br>जीवन की धारा में देखी ऐसी धार नहीं।<br>सत्य अहिंसा का व्रत अपना कोई पाप नहीं।<br>विश्व मैत्री का व्रत भी कोई अभिशाप नहीं।<br>यही सत्य है सदा असत की टिकती चाप नहीं।<br>सवधान हिंसक! प्रतिहिंसा की कोई माप नहीं।<br>कोई भी प्रस्ताव पराजय का स्वीकार नहीं।<br>ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं। | |
| (i) | उपर्युक्त पद्यांश में किसके **'आवेश'** का उल्लेख हुआ है?<br>(क) माता के<br>(ख) देश के<br>(ग) शत्रु के<br>(घ) पिता के | 1 |
| (ii) | कवि के मतानुसार निम्न में से क्या असत्य है?<br>(क) स्थायी<br>(ख) व्रत<br>(ग) अभिशाप<br>(घ) अस्थायी | 1 |
| (iii) | पद्यांश में निम्न में से **'रक्ति श्रृंगार'** का अर्थ – – – – है।<br>(क) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना<br>(ख) शत्रु का खून बहाना<br>(ग) रक्त बहाना<br>(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं | 1 |
| (iv) | कवि के अनुसार उपरोक्त पद्यांश में क्या पाप नहीं माना गया है?<br>(क) युद्व में छलकपट<br>(ख) हिंसक बनना | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) सत्य व हिंसा का व्रत<br>(घ) सत्य और अहिंसा का व्रत | |
| (v) | उपर्युक्त पद्यांश में ' **माता** ' किसकी प्रतीक हैं?<br>(क) देवी की<br>(ख) सत्य और अहिंसा<br>(ग) राष्ट्र (देश) की<br>(घ) विश्वमैत्री की | 1 |
| | **अथवा** | |
| | सुख–दुख मुस्काना नीरज से रहना,<br>वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।<br>मैं वीर नारी हूँ साहस की बेटी,<br>मातृभूमि–रक्षा को<br>वीर सजा देती।<br>आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना,<br>वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।<br>मातृ–भूमि जन्म भूमि<br>राष्ट्र –भूमि मेरी,<br>कोटि–कोटि वीर पूत<br>द्वार–द्वार दे री।<br>जीवन भर मुस्काए भारत का अँगना,<br>वीरों की माता हूँ वीरों की बहना। | |
| (i) | **मानव को सुख–दुख में मुस्कराते हुए – – – – से रहना चाहिए।**<br>(क) धीरज<br>(ख) वीर<br>(ग) शीर<br>(घ) नीर | 1 |
| (ii) | **आकुल अंतर की पीड़ा किसके लिए सहनी चाहिए ?**<br>(क) समाज<br>(ख) जाति | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) राष्ट्र<br>(घ) धर्म | |
| (iii) | **' कोटि–कोटि वीर पूत , द्वार–द्वार दे री।' पंक्ति के कोटि–कोटि में – – – अलंकार है।**<br>(क) उपमा<br>(ख) अनुप्रास<br>(ग) यमक<br>(घ) पुनरुक्ति प्रकाश | 1 |
| (iv) | **माता का पर्यायवाची शब्द – – – है।**<br>(क) महतारी<br>(ख) जनयित्री<br>(ग) क और ख दोनों<br>(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं | 1 |
| (v) | **कथन (A) और (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।**<br>कथन (A) भारत का अंगना जीवन भर मुस्कराए ।<br>कारण (R) मातृभूमि–रक्षा को मैं वीर नारी हूँ और साहस की बेटी।<br>(क) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है।<br>(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) भी सही है। | 1 |
| **प्रश्न न• 3** | **काव्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 X 1 = 5** |
| **(i)** | **(i) पतंग कविता में ' तितलियों की इतनी नाजुक दूनिया' से कवि का आशय है –**<br>(क) आकाश में तितलियों का उड़ना।<br>(ख) रंगीन पतंगों का कोमलमय संसार।<br>(ग) तितलियों का शरीर बहुत कोमल।<br>(घ) तितलियों के उड़ने से आकाश का कोमल बन जाना। | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

<table>
<tr><td>(ii)</td><td>' कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में कैमरा एक –साथ – – – दिखाना चाहता है।<br>(क) सामान्य व्यक्ति की दुर्दशा<br>(ख) केवल दर्शकों को रोते हुए<br>(ग) केवल अपाहिज को रोते हुए<br>(घ) दर्शक और अपाहिज दोनों को रोते हुए</td><td>1</td></tr>
<tr><td>(iii)</td><td>'जगदम्बा हरि आनि अब सठ चाहत कल्यान'–ये कथन किसने किसको कहा है?<br>(क) विभिषण ने रावण को<br>(ख) राम ने कुंभकर्ण को<br>(ग) कुंभकर्ण ने रावण को<br>(घ) रावण ने कुंभकर्ण को</td><td></td></tr>
<tr><td>(iv)</td><td>' छोटा मेरा खेत ' कविता में कल्पना को रसायन क्यों कहा गया है?<br>(क) सृजन को सुन्दर बनाने में सहायक<br>(ख) सृजन को सरल बनाने में सहायक<br>(ग) सृजन के विकास में सहायक तत्व<br>(घ) सृजन का मूलभूत तत्व</td><td></td></tr>
<tr><td>(v)</td><td>'उषा ' नामक कविता के आधार पर कॉलम अ को कॉलम ब से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए।<br><table><tr><th>कॉलम अ</th><th>कॉलम ब</th></tr><tr><td>1 राख से लिपा हुआ चौका।</td><td>(i) निर्मलता</td></tr><tr><td>2 काली सिल जरा–से केसर से कि जैसे धुल गई हो।</td><td>(ii) उज्जवलता</td></tr><tr><td>3 नील जल में किसी की गौर, झिलमिल दे देह जैसे हिल रही हो।</td><td>(iii) पवित्रता</td></tr></table>(क) 1– (ii) , 2–(iii) , 3– (i)<br>(ख) 1– (ii) , 2–(i) , 3– (iii)<br>(ग) 1– (i) , 2–(ii) , 3– (iii)<br>(घ) 1– (iii) , 2–(i) , 3– (ii)</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रश्न न• 4</td><td>गद्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।</td><td>5 x 1= 5</td></tr>
</table>

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| **(i)** | **(i) महादेवी वर्मा अपने परिवार में प्रख्यात थी। निम्न में से कौन–सा कथन सही है?**<br>(क) महादेवी वर्मा अपने परिवार में पाक–कला के लिए प्रख्यात थी ।<br>(ख) महादेवी वर्मा अपने परिवार में संगीत–कला के लिए प्रख्यात थी ।<br>(ग) महादेवी वर्मा अपने परिवार में दया भावना के लिए प्रख्यात थी ।<br>(घ) महादेवी वर्मा अपने परिवार में पशु–पक्षी पालन के लिए प्रख्यात थी। | 1 |
| **(ii)** | **जन्माष्टमी के अवसर पर बचपन में लेखक – – – – झांकी सजाकर पंजीरी बांटता था।**<br>(क) चार दिनों तक<br>(ख) छह दिनों तक<br>(ग) आठ दिनों तक<br>(घ) दस दिनों तक | 1 |
| **(iii)** | शिरीष के फूल को किस साहित्य में कोमल माना गया है?<br>(क) हिन्दी – साहित्य में<br>(ख) संस्कृत – साहित्य में<br>(ग) अंग्रेजी – साहित्य में<br>(घ) उर्दू – साहित्य में | 1 |
| **(iv)** | **लुट्टन सिंह पहलवान के संदर्भ में कौन–सा कथन असत्य है?**<br>(क) लुट्टन सिंह पहलवान नौ वर्ष का उम्र में अनाथ हो गया था।<br>(ख) लुट्टन सिंह पहलवान के दो पुत्र थे।<br>(ग) लुट्टन सिंह पहलवान दंगल देखने श्याम नगर गया।<br>(घ) लुट्टन सिंह पहलवान '**शेर के बच्चे**' के नाम से प्रसिद्ध था। | 1 |
| **(v)** | **' बाजार दर्शन ' नामक पाठ के आधार पर कॉलम अ को कॉलम ब से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए।** | 1 |

| **कॉलम अ** | **कॉलम ब** |
|---|---|
| 1 बाज़ार के आकर्षण में फँसना स्वाभाविक है। | (i) मन में नकार हो |
| 2 बाज़ार से फिजूल सामान खरीदकर नहीं लाते | (ii) मन खाली हो |
| 3 बाजार चाहकर भी आकर्षण में फंसा नहीं सकता | (iii) मन खाली न हो |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) 1 –(iii) , 2–(ii) , 3 –(i)<br>(ख) 1 –(i) , 2–(iii) , 3 –(ii)<br>(ग) 1 –(ii) , 2–(iii) , 3 –(i)<br>(घ) 1 –(iii) , 2–(i) , 3 –(ii) | |
| **प्रश्न न• 5** | **वितान भाग–2 पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **यशोधर बाबू अपने बटुए में – – – रुपये हमेशा रखते थे।**<br>(क) 75 – 100 रुपये<br>(ख) 100 – 150 रुपये<br>(ग) 125 – 150 रुपये<br>(घ) 150 – 200 रुपये | 1 |
| **(ii)** | **यशोधर बाबू के संबंध में कौन–सा कथन सही नहीं है।**<br>(क) वे डेमोक्रेट बाबू नहीं हैं।<br>(ख) वे समय के पाबंद थे।<br>(ग) वे किशनदा को अपना आदर्श मानते थे।<br>(घ) वे कर्त्तव्यपरायण थे। | 1 |
| **(iii)** | ' मुझे मालूम है, बालिस्टर नहीं होने वाला है तू '– से कथन किसके बारे में है?<br>(क) लेखक के पिता के बारे में<br>(ख) लेखक के दोस्त के बारे में<br>(ग) लेखक के बारे में<br>(घ) दत्ताराव जी के बारे में | 1 |
| **(iv)** | 'अतीत में दबे पाँव' नामक पाठ में लेखक के अनुसार मुअनजा –दड़ो की आबादी लगभग – – – – हजार थी।<br>(क) 60000<br>(ख) 65000<br>(ग) 75000<br>(घ) 85000 | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| **(v)** | 'अतीत में दबे पाँव' नामक पाठ के कथन (A) और (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।<br><br>**कथन (A) मुअनजो–दड़ो छोटे–मोटे टीलों पर आबाद था।**<br><br>**कारण (R) ये टीले कच्ची व पक्की ईंटों से बने हैं।**<br><br>(क) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।<br>(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।<br>(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है।<br>(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| **प्रश्न न• 6** | **अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **विशेष लेखन के लिए सबसे जरूरी बात है–**<br>(क) चील–उड़ान और शब्द–विवेक<br>(ख) शब्दावली और उपलब्धियाँ<br>(ग) प्रभावशीलता और बुद्धिमत्ता<br>(घ) गिद्ध–दृष्टि और पक्का इरादा | 1 |
| **(ii)** | **संदेश के आदान–प्रदान में लगने वाले समय तथा दुरी को कम करने के लिए मनुष्य ने किसकी खोज की?**<br>(क) पत्रों की<br>(ख) संचार और जनसंचार की<br>(ग) रेल की<br>(घ) रेडियो की | 1 |
| **(iii)** | **निम्नलिखित में कॉलम A को कॉलम B के शब्दों का उचित मिलान कीजिए।** | 1 |

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| 1 समाचार संगठन मे नियमित वेतनभोगी कर्मचारी | (i) अंशकालिक पत्रकार |
| 2 समाचार संगठन मे निश्चित मानदेय पर काम करने वाला | (ii) फ्री लांसर |
| 3 भुगतान के आधार पर भिन्न समाचारों मे काम करने वाला | (iii) पूर्णकालिक पत्रकार |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) 1– (iii) , 2–(i) , 3 –(ii)<br>(ख) 1– (i) , 2–(iii) , 3 –(ii)<br>(ग) 1 – (ii) , 2–(iii) , 3– (i)<br>(घ) 1– (ii) , 2–(i) , 3 –(iii) | |
| **(iv)** | **पत्रकारिता के संबंध में निम्न में से कथन सत्य है–**<br>(क) पत्रकारीय लेखन में पाठकों की रुचियों का ध्यान नहीं रखा जाता है<br>(ख) पत्रकारीय लेखन में पाठकों की जरूरतों का ध्यान नहीं रखा जाता है<br>(ग) पत्रकारिता का संबंध तथ्यों से होता है<br>(घ) पत्रकारीय लेखन में कल्पना का विशेष महत्त्व है | 1 |
| **(v)** | **हिन्दी का पहला साप्ताहिक पत्रिका – – – माना जाता है।**<br>(क) उदंत मार्तंड<br>(ख) केसरी<br>(ग) गरुड़ पत्रिका<br>(घ) कर्मवीर | 1 |
| **प्रश्न न• 7** | **व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही है ?**<br>(क) इवर्ण (इ , ई) के बाद कोई भिन्न जाति का स्वर आने पर **व्** बनता है।<br>(ख) इवर्ण (इ , ई) के बाद कोई भिन्न जाति का स्वर आने पर **य्** बनता है।<br>(ग) इवर्ण (इ , ई) के बाद कोई भिन्न जाति का स्वर आने पर **र्** बनता है।<br>(घ) इवर्ण (इ , ई) के बाद कोई भिन्न जाति का स्वर आने पर **ल्** बनता है। | 1 |
| **(ii)** | **निम्नलिखित में कॉलम A को कॉलम B के शब्दों को उचित समास से मिलान कीजिए।** | 1 |

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| 1 अधिकरण तत्पुरुष | (i) सत्याग्रह |
| 2 कर्म तत्पुरुष | (ii) आत्मविश्वास |
| 3 सम्प्रदान तत्पुरुष | (iii) गुणहीन |
| 4 करण तत्पुरुष | (iv) मतदाता |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (क) 1– (ii) , 2–(iv) , 3–(i) , 4– (iii)<br>(ख) 1– (i) , 2–(ii) , 3–(iii) , 4– (iv)<br>(ग) 1– (iii) , 2–(i) , 3–(iv) , 4– (ii)<br>(घ) 1– (iv) , 2–(iii) , 3–(ii) , 4 –(i) | |
| **(iii)** | निम्न में से **'कर्मधारय समास'** के सही उदाहरण छांटिए।<br>(क) महाजन , पाठशाला , महारानी<br>(ख) सज्जन , महारानी , आजानु<br>(ग) महाराजा, धर्माधर्म, परमानद<br>(घ) मुख्याध्यापक , प्रधानाध्यापक , गुरुदेव | 1 |
| **(iv)** | **' उसकी अक्ल चक्कर खा गई** ।' इस वाक्य में क्या दोष है ?<br>(क) शब्द–क्रम संबंधी दोष<br>(ख) मुहावरे संबंधी दोष<br>(ग) पुनरुक्ति संबंधी दोष<br>(घ) परसर्ग संबंधी दोष | 1 |
| **(v)** | **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए ।**<br>(क) वह एक विद्वान् महिला थी।<br>(ख) वह एक महिला विद्वान् थी।<br>(ग) वह एक विदुषी महिला थी।<br>(घ) एक विदुषी महिला थी वह । | 1 |
| **प्रश्न न• 8** | **नैतिक शिक्षा पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** | **5 x 1= 5** |
| **(i)** | **सूक्ति सौरभ पाठ के आधार पर विवेक रहित मानव का पतन कितने प्रकार से होता है?**<br>(क) सैंकड़ों<br>(ख) हजारों<br>(ग) लाखों<br>(घ) करोड़ों | 1 |
| **(ii)** | **जैन दर्शनानुसार जगत् कितने प्रकार के पदार्थों में विभाजित है।**<br>(क) दो<br>(ख) तीन | 1 |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) चार<br>(घ) पाँच | |
| **(iii)** | **सिद्धार्थ का पालन–पोषण कारने वाली माता का नाम – – – – – है।**<br>(क) कौशल्या<br>(ख) गौतमी<br>(ग) उर्वशी<br>(घ) मेनका | 1 |
| **(iv)** | **बुद्ध के संदर्भ में निम्न में से कौन–सा कथन सत्य नहीं है–**<br>(क) बुद्ध को विवाह के 13 वर्ष बाद पुत्र प्राप्ति हई।<br>(ख) 80 वर्ष की अवस्था में बुद्ध का निर्वाण हुआ।<br>(ग) बुद्ध के पुत्र का नाम विराट था।<br>(घ) यशोधरा बुद्ध की पत्नी थी। | 1 |
| **(v)** | **'शाश्वत नैतिक मूल्य' पाठ के आधार पर निम्नलिखित में कॉलम A को कॉलम B के शब्दों को उचित से मिलान कीजिए।** | 1 |

| कॉलम A | कॉलम B |
|---|---|
| 1 सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् ,न ब्रूयात सत्यमप्रियम्। | (i) शान्तिपर्व |
| 2 अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः यमाः। | (ii) संस्कृत |
| 3 अहिंसा परमो धर्मः। | (iii) पातंजल योगसूत्र |
| 4 सत्यस्य वचनं श्रेयः सत्यादपि हितं वदेत्। | (iv) मनुस्मृति |

(क) 1– (ii) , 2–(iv) , 3– (ii) , 4– (iii)

(ख) 1– (i) , 2–(ii) , 3– (iii) , 4– (iv)

(ग) 1– (iii) , 2–(i) , 3– (iv) , 4 –(ii)

(घ) 1– (iv) , 2–(iii) , 3– (ii) , 4– (i)

## खण्ड– ब


## वर्णनात्मक प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न न॰ 9** | **निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** | **5** |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से<br>और बच जाते हैं तब तो<br>और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं<br>पृथ्वी और भी तेज़ घूमती हुई आती है।<br>उनके बेचैन पैरों के पास। | |
| | **अथवा** | |
| | **निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।** | **5** |
| | हरषि राम भेंटेउ हनुमाना। अति कृतग्य प्रभु परम सुजाना।।<br>तुरंत बैद तब किन्हीं उपाई। उठि बैठे लछिमन हरषाई।।<br>हृदय लाइ प्रभु भेंटेउ भ्राता। हरषे सकल भालू कपि बांता।।<br>कपि पुनि बैद तहाँ पहुँचावा। जेहि बिधि तबहिं ताहि लइ आवा।।<br>प्रश्न : | |
| (i) | कवि और कविता का नाम लिखिए । | **1** |
| (ii) | वैद्य के साथ कैसा व्यवहार किया गया? | **1** |
| (iii) | लक्ष्मण के जीवित होने पर क्या हुआ? | **1** |
| (iv) | हनुमान को देखते ही राम की क्या प्रतिक्रिया थी? | **1** |
| (v) | 'अति कृतग्य प्रभु परम सुजाना।' पंक्ति में **सुजाना** का क्या अर्थ है? | **1** |
| **प्रश्न न• 10** | **निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** | **5** |
| | मेरा आदर्श समाज स्वतंत्रता,समता, भ्रातृता पर आधारित होगा। क्या यह ठीक नहीं है, भ्रातृता अर्थात भाईचारे में किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? किसी भी आदर्श समाज में इतनी गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वांछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे छोर तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबको उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सामाजिक जीवन में अबाध संपर्क के अनेक साधन व अवसर उपलब्ध रहने चाहिए। तात्पर्य यह है कि दूध–पानी के मिश्रण की तरह भाईचारे का वास्तविक रूप है और इसी का दूसरा नाम लोकतंत्र है। | |
| | **अथवा** | |
| | **निम्नलिखित गद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।** | **5** |
| | अमावस्या की अंधेरी रात–ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर–थर कांप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस–फूस की झोपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य! अंधेरा और निस्तब्धता! अंधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों | |

Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने का चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर प्रकाश का कहीं नाम नहीं। आकाश से टूट कर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे। | |
| | **प्रश्न :** | |
| (i) | गद्यांश में किसका मानवीकरण किया है? | 1 |
| (ii) | गाँव में किसका साम्राज्य फैला हुआ है? | 1 |
| (iii) | आकाश के तारे किस पर खिलखिलाकर हँसते हैं? | 1 |
| (iv) | गाँव के लोग किन बीमारियों से पीड़ित थे? | 1 |
| (v) | आकाश के तारे भावुक तारे पर क्यों खिलखिलाकर हँसते हैं? | 1 |
| **प्रश्न न• 11** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भावाभिव्यक्ति करते हुए लगभग 250 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए।** | **5** |
| (i) | मतदान का महत्त्व | |
| (ii) | भारतीय युवाओं में बढ़ती नशा की लत | |
| (iii) | आप 17 वर्ष के अमन हैं। आप 12वीं कक्षा की परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र पर आंशिक देरी से जा रहे हैं। अचानक कोई वाहन चालक किसी को दुर्घटना ग्रस्त करके भाग जाता है। आप उस स्थिति में किस प्रकार सहायता करेंगे। उस स्थिति का 250 शब्दों में वर्णन कीजिए। | |
| (iv) | **निम्नलिखित चित्र देखकर संभावित द्वंद्वों का उल्लेख करते हुए वर्णन कीजिए।**  | |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| **प्रश्न न• 12** | **काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2 = 5** |
| **(i)** | कैमरे में बंद अपाहिज करुणा के मुखोटे में छिपी क्रूरता की कविता है– कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | **3** |
| **(ii)** | भोर के नभ को राख से लीपा गया चौका क्यों कहा गया है? | **2** |
| **प्रश्न न• 13** | **गद्‌य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2 = 5** |
| **(i)** | भक्तिन के जीवन में आई समस्याओं का वर्णन कीजिए। | **3** |
| **(ii)** | लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है? | **2** |
| **प्रश्न न• 14** | **'वितान भाग–2' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2 = 5** |
| **(i)** | सिन्धु–सभ्यता साधन–संपन्न थी ,पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था कैसे? | **3** |
| **(ii)** | श्री सौंदलगेकर के अध्यसपन की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | **2** |
| **प्रश्न न• 15** | **'व्याकरण' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** | **3+2 = 5** |
| **(i)** | यमक अलंकार का लक्षण बताते हुए उदाहरण दीजिए। | **3** |
| **(ii)** | गुण संधि को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए । | **2** |
| **प्रश्न न• 16** | **' नैतिक शिक्षा '** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। | **3+2 = 5** |
| **(i)** | **हेमू के जीवन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।** | **3** |
| **(ii)** | अब्दुल हमीद की शहादत ने क्या सिद्ध किया? | **2** |

Download from www.MsEducationTv.com